भारत मौसम विज्ञान विभाग
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत सरकार
मौसम केन्द्र, भोपाल, मध्यप्रदेश
ईमेल / Email : mausambhopal@gmail.com

INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT
MINISTRY OF EARTH SCIENCES
GOVERNEMENT OF INDIA
Meteorological Centre, Bhopal, Madhya Pradesh
संपर्क / Phone : 755-2551496


गुरुवार, 19 मार्च 2026
Thursday, 19 March 2026

# प्रेस विज्ञप्ति – मध्य प्रदेश में अगले 2 दिनों के दौरान झंझावत और वज्रपात, ओलावृष्टि
# Press Release: Thunderstorm and Lightning, Hailstorm in Madhya Pradesh during next 2 days.



जारी करने का समय – 13:00 भा.मा.स.
Time of Issue: 13:00 IST

**प्रातः 08:30 बजे के प्रेक्षण पर आधारित मौसम सारांश:**

**वर्षा के प्रमुख आंकड़े (मिमी में)** – निरंक।


**वज्रपात / झंझावात/ वर्षा**- अनूपपुर, खंडवा एवं बुरहानपुर जिलो में।

**ओलावृष्टि –** खंडवा के दक्षिण-पश्चिमी भागों तथा अनूपपुर के पूर्वी भागों में।

| Maximum Temperature | Minimum Temperature |
|---|---|
|  |  |









**सिनोप्टिक मौसमी परिस्थितियां-**

- एक ऊपरी हवा का **चक्रवातीय परिसंचरण, उत्तर मध्य प्रदेश** के मध्य भागों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है।
- एक ऊपरी हवा का **चक्रवातीय परिसंचरण, पूर्वी उत्तर प्रदेश** एवं निकटवर्ती क्षेत्रों पर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है।
- एक ऊपरी हवा का **चक्रवातीय परिसंचरण, पश्चिम राजस्थान** के ऊपर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है।
- एक **ट्रफ, उत्तर मध्य मध्य प्रदेश** के मध्य भागों के ऊपर सक्रिय **चक्रवातीय परिसंचरण** से **मराठवाड़ा** तक, विदर्भ के ऊपर से गुजरते हुए माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है।
- एक ऊपरी हवा का **चक्रवातीय परिसंचरण** हरियाणा एवं निकटवर्ती क्षेत्रों पर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है।
- एक **पश्चिमी विक्षोभ, उत्तरी पाकिस्तान** एवं निकटवर्ती क्षेत्रों पर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का **चक्रवातीय परिसंचरण** के रूप में अवस्थित है, जिसके साथ ऊपरी एवं मध्य स्तर की पछुआ हवाओं में **ट्रफ,** माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर लगभग 68°E देशांतर और 28°N अक्षांश के उत्तर में विस्तृत है।
- एक नया कमजोर **पश्चिमी विक्षोभ** 22 मार्च से **उत्तर-पश्चिम भारत** को प्रभावित करने की संभावना है।

**Synoptic Weather Systems-**

- The upper air **cyclonic circulation** lies over central parts of **north Madhya Pradesh** at 0.9 km above mean sea level.
- The upper air **Cyclonic Circulation** over **East Uttar Pradesh** & neighbourhood at 0.9 km above mean sea level persists.
- The upper air **Cyclonic Circulation** over **west Rajasthan** at 1.5 km above mean sea level persists.
- The trough now runs from above **cyclonic circulation** over central parts of North **Madhya Pradesh** to **Marathwada** across Vidarbha at 0.9 km above mean sea level.
- An upper air **Cyclonic Circulation** lies over **Haryana** & neighbourhood at 1.5 km above mean sea level.
- The **Western Disturbance** as an upper air **Cyclonic Circulation** over **north Pakistan** & neighbourhood at 3.1 km above mean sea level with the **Trough** aloft in upper & middle level westerlies with its axis at 5.8 km above mean sea level roughly along Long. 68°E to the north of Lat. 28°N persists.
- A fresh feeble **Western Disturbance** is likely to affect northwest India from 22nd March.


## मौसम का पूर्वानुमान (Weather Forecast & Warnings) दिनांक 19.03.2026 की प्रातः 8:30 से 20.03.2026 की प्रातः 8:30 तक वैध

| चेतावनी (Warning) | स्थानिक वितरण | जिले |
|---|---|---|
| झंझावत और वज्रपात, ओलावृष्टि, झोंकेदार हवाएं 40-50 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, पांढुर्णा |
| झंझावत और वज्रपात, ओलावृष्टि, झोंकेदार हवाएं 40-50 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | दतिया, भिंड |
| झंझावत और वज्रपात, ओलावृष्टि, झोंकेदार हवाएं 30-40 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | छिंदवाड़ा |
| झंझावत और वज्रपात, झोंकेदार हवाएं 40-50 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | भोपाल, विदिशा, रायसेन, सिहोर, नर्मदापुरम, हरदा, इंदौर, देवास, शाजापुर, टीकमगढ़, निवाड़ी |
| झंझावत और वज्रपात, झोंकेदार हवाएं 30-40 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | राजगढ़, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुरकलां, डिंडोरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट |

| मौसम का पूर्वानुमान (Weather Forecast & Warnings) दिनांक 20.03.2026 की प्रातः 8:30 से 21.03.2026 की प्रातः 8:30 तक वैध | | |
|---|---|---|
| **चेतावनी (Warning)** | **स्थानिक वितरण** | **जिले** |
| झंझावत और वज्रपात, ओलावृष्टि, झोंकेदार हवाएं 40-50 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | सिवनी, मंडला, बालाघाट |
| झंझावत और वज्रपात, ओलावृष्टि | कहीं-कहीं | दतिया, टीकमगढ़, निवाड़ी |
| झंझावत और वज्रपात, झोंकेदार हवाएं 40-50 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सागर, पांढुर्णा |
| झंझावत और वज्रपात, झोंकेदार हवाएं 30-40 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, पन्ना, दमोह, छतरपुर, मैहर |

| मौसम का पूर्वानुमान (Weather Forecast & Warnings) दिनांक 21.03.2026 की प्रातः 8:30 से 22.03.2026 की प्रातः 8:30 तक वैध | | |
|---|---|---|
| **चेतावनी (Warning)** | **स्थानिक वितरण** | **जिले** |
| झंझावत और वज्रपात, झोंकेदार हवाएं 30-40 किमी/घंटा | कहीं-कहीं | सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, शहडोल |

**झंझावत और वज्रपात, ओलावृष्टि की संभावना वाले प्रमुख क्षेत्र**




**डॉ. दिव्या ई. सुरेन्द्रन / Dr. Divya E. Surendran**
वैज्ञानिक – डी (पूर्वानुमान अधिकारी) / Scientist-D (Forecasting Officer)
मौ. के. भोपाल / M. C. Bhopal

**सुझाये गए कार्य -**

**ओलावृष्टि**

- ओलावृष्टि की संभावना के कारण फसलों, फलों, सब्ज़ियों तथा कमजोर संरचनाओं को नुकसान पहुँच सकता है।
- किसानों को सलाह दी जाती है कि वे खड़ी फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करें, जैसे फसल को ढकना या जहाँ संभव हो समय पर कटाई करना।
- पशुधन को सुरक्षित स्थानों में रखें और उन्हें खुले क्षेत्रों में न छोड़ें।
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कच्चे मकानों, शेडों तथा टीन की छतों को नुकसान पहुँच सकता है, अतः सावधानी बरतें।
- वाहनों को ढके हुए स्थानों या गैरेज में खड़ा करें ताकि क्षति से बचा जा सके।
- आम नागरिकों को ओलावृष्टि के दौरान घर के भीतर रहने और खुले स्थानों में जाने से बचने की सलाह दी जाती है।
- ओलावृष्टि के साथ तेज़ हवाएँ चलने की स्थिति में बिजली आपूर्ति, संचार व्यवस्था तथा पेड़ों को नुकसान पहुँच सकता है।

**गरज-चमक / आंधी-तूफान**


- गरज-चमक के दौरान घर के अंदर रहें, खिड़कियां और दरवाजे बंद करें और यदि संभव हो तो यात्रा से बचें।
- पेड़, बिजली के खंभे, अस्थायी शेड और कमजोर संरचनाओं को नुकसान पहुंचने की संभावना है। आंधी-तूफान के दौरान खुले खेतों में कार्य करने से बचे ।
- सुरक्षित आश्रय लें; पेड़ों के नीचे शरण न लें तथा तूफ़ान के दौरान जल निकायों से तुरंत बाहर निकलें। पेड़ों और बिजली की तारों से दूर रहें।
- कंक्रीट के फर्श पर न लेटें और कंक्रीट की दीवारों का सहारा न लें। इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग निकाल दें एवं उन सभी वस्तुओं से दूर रहें जो बिजली का संचालन करती हैं।
- पशुओं का विशेष ध्यान रखें, सभी जानवरों को रात के दौरान विशेष रूप से संरक्षित और सुरक्षित पशु शेड में रखा जाना चाहिए।


भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) तथा स्थानीय प्रशासन जैसे आधिकारिक स्रोतों से मौसम पूर्वानुमान और चेतावनियों पर निरंतर नज़र रखें।


**कृषकों के लिए विशेष सलाह –**


- पकी हुई फसलों (गेहूं, दलहन, सरसों) की जल्द से जल्द कटाई करें और सुरक्षित भंडारण करें।
- इस अवधि के दौरान सिंचाई, उर्वरक और कीटनाशक का प्रयोग न करें।
- सब्जी फसलों और बेलदार पौधों को सहारा (स्टेकिंग) दें।
- कटाई की गई उपज को तिरपाल से ढकें या सुरक्षित स्थान पर रखें।
- खेतों में उचित जल निकासी की व्यवस्था रखें ताकि जलभराव न हो।
- नर्सरी और संवेदनशील फसलों को पॉलिथीन/जाल से ढककर सुरक्षित रखें।
- ओलावृष्टि/बारिश के बाद रोगों से बचाव के लिए अनुशंसित फफूंदनाशकों का प्रयोग करें।
- घटना के बाद फसलों का निरीक्षण करें और नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक कदम उठाएं।
- आंधी-तूफान/ओलावृष्टि के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें। बिजली गिरने की स्थिति में खुले खेतों में पशुओं को चराने से बचें।


# 19 मार्च 2026 से 23 मार्च 2026 के मध्य मौसम पूर्वानुमान एवं चेतावनियां
# Weather Forecast and Warnings from 19 March 2026 to 23 March 2026




| संकेत / Legends |
|---|
| कहीं / कहीं वर्षा -RAINFALL AT ISOLATED PLACES |
| कुछ स्थानों पर वर्षा /RAINFALL AT SCATTERED PLACES |
| अनेक स्थानों पर वर्षा /RAINFALL AT MANY PLACES |
| अधिकांश स्थानों पर वर्षा /RAINFALL AT MOST PLACES |
| वज्रपात के साथ झंझावात /THUNDERSTORM WITH LIGHTNING |
| झोंकेदार हवाएं / Gusty Winds |
| भारी वर्षा (64.5 – 115.5 मी.मी.)/ Heavy Rainfall (64.5 – 115.5mm) |
| अतिभारी वर्षा (115.6 – 204.4 मी.मी.)/ Very Heavy Rainfall (115.6 – 204.4mm) |
| अत्यधिक भारी वर्षा (204.5 मी.मी. या अधिक) / Extremely Heavy Rainfall (204.5mm and above) |

निदेशक
मौसम केंद्र, भोपाल